चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 1-7-24 | 4 | 6-8 |

# स्नातक कोर्सिज में 84.08 व स्नातकोत्तर कोर्सिज में 82.41 प्रतिशत अभ्यर्थियों ने दी प्रवेश परीक्षा

जागरण संवाददाता • हिसार : चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में रविवार को विभिन्न स्नातक व स्नातकोत्तर कोर्सिज के लिए 18 परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश परीक्षा आयोजित हुई। सभी केंद्रों में कुल 6662 परीक्षर्थियों ने परीक्षा दी। प्रत्येक उम्मीदवार की फोटोग्राफी भी की। इसके लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी परीक्षा केन्द्रों पर प्रबंध किए।



परीक्षा केंद्र पर निरीक्षण करते विवि के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज व अन्य • पीआरओ

रविवार को बीएससी आनर्स एग्रीकल्चर चार वर्षीय कोर्स, बीएससी आनर्स एग्री-बिजनेस मैनेजमेंट, बीटेक बायोटेक्नोलाजी, मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में बायो-केमिस्ट्री, केमिस्ट्री, इनवायरमेंटल साइंस, फूड साइंस एंड टेक्नोलाजी, मैथमेटिक्स, माइक्रो-बायोलाजी, फिजिक्स, प्लांट फिजियोलोजी, सोसयोलोजी, स्टेटिसटिक्स व जूलाजी कोर्स, कालेज आफ बायो-टेक्नोलाजी में एग्रीकल्चरल बायोटेक्नोलाजी, बायोइंफोरमेटिक्स व मोलेक्यूलर बायोलाजी एंड बायो-टेक्नोलाजी में एमएससी कोर्सिज की प्रवेश परीक्षा हुई।

वहीं कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने परीक्षा केंद्रों का दौरा किया और उम्मीदवारों की सुविधा तथा परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। प्रवेश परीक्षा के लिए एचएयू सहित बाकी प्रवेश परीक्षा के लिए विवि प्रशासन की ओर से विशेष निरीक्षण दलों का गठन किया। परीक्षा नियंत्रक डा. पवन कुमार ने बताया कि उपरोक्त परीक्षा में उम्मीदवारों की कुल 84 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की।

उन्होंने बताया कि स्नातक कोर्सिज में 84.08 प्रतिशत तथा स्नात्तकोतर कोर्सिज में 82.41 प्रतिशत परीक्षार्थी उपस्थित रहे। उम्मीदवारों व उनके अभिभावकों से अपील है कि वे उपरोक्त पाठ्यक्रमों में दाखिला संबंधी नवीनतम जानकारियों के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर नियमित रूप से चेक करते रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 1-7-24 | 2 | 5-6 |

# हकृवि में विभिन्न कोर्सों के लिए प्रवेश परीक्षा संपन्न, 84 प्रतिशत विद्यार्थियों ने लिया भाग

## कुलपति प्रो. काम्बोज ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण



*परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज।*

हिसार, 30 जून (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में रविवार को विभिन्न स्नातक व स्नातकोतर कोर्सिज के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा संपन्न हुई। इसके लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी परीक्षा केन्द्रों पर पुख्ता प्रबंध किए हुए थे। प्रवेश परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय सहित शहर में 18 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। सभी परीक्षा केंद्रों में 6662 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। प्रवेश परीक्षा के सफल आयोजन के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से विशेष निरीक्षण दलों का गठन किया गया था। परीक्षा के दौरान प्रत्येक उम्मीदवार की फोटोग्राफी भी की गई।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने परीक्षा केंद्रों का दौरा किया और उम्मीदवारों की सुविधा तथा परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए की गई व्यवस्थाओं का भी जायज़ा लिया।

आज जिन कोर्सिज के लिए प्रवेश परीक्षा हुई, उनमें बी.एससी. ऑनर्स एग्रीकल्चर 4 वर्षीय कोर्स, बी.एससी. आनर्स एग्री-बिजनैस मैनेजमैंट, बी.टैक बायोटैक्नोलॉज़ी, मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में बायो-केमिस्ट्री, केमिस्ट्री, इनवायरमैंटल साइंस, फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी, मैथेमेटिक्स, माइक्रो-बायोलॉजी, फिजिक्स, प्लांट फिजियोलोजी, सोसयोलोजी, स्टेटिसटिक्स व जूलॉजी कोर्स, कॉलेज आफ बायो-टैक्नोलॉजी में एग्रीकल्चरल बायोटैक्नोलॉजी, बायोइंफोरमैटिक्स व मोलेक्यूलर बायोलॉजी एंड बायो-टैक्नोलॉजी में एम.एससी कोर्सिज शामिल है।

परीक्षा नियंत्रक डॉ. पवन कुमार ने बताया कि उपरोक्त परीक्षा में विद्यार्थियों की 84 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई।

उन्होंने बताया कि स्नातक कोर्सिज में 84.08 प्रतिशत तथा स्नातकोतर कोर्सिज में 82.41 प्रतिशत परीक्षार्थी उपस्थित रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि भूमि | 1-7-24 | 12 | 3-8 |


## एचएयू में विभिन्न कोर्सों में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न

# कुलपति व अन्य अधिकारियों ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

- 18 परीक्षा केंद्रों में कुल 6662 परीक्षर्थियों ने परीक्षा दी

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में विभिन्न स्नातक व स्नात्तकोतर कोर्सिज के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्वक व व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। इसके लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी परीक्षा केन्द्रों पर पुख्ता प्रबंध किए हुए थे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज ने परीक्षा केंद्रों का दौरा किया और उम्मीदवारों की सुविधा तथा परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए की गई व्यवस्थाओं का भी ज़ायजा लिया। रविवार को जिन कोर्सिज के लिए प्रवेश परीक्षा हुई, उनमें बीएससी ऑनर्स एग्रीकल्चर चार वर्षीय कोर्स, बीएससी आनर्स एग्री-बिजनेस मैनेजमेंट, बीटेक बायोटेक्नोलॉजी, मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में बायो-केमिस्ट्री, केमिस्ट्री, इनवायरमेंटल साइंस, फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी, मैथेमेटिक्स, माइक्रो-बायोलॉजी, फिजिक्स, प्लांट फिजियोलोजी, सोसयोलोजी, स्टेटिसटिक्स व जूलॉजी कोर्स, कॉलेज आफ बायो-टेक्नोलॉजी में एग्रीकल्चरल बायोटेक्नोलॉजी, बायोइंफोरमेटिक्स व मोलेक्यूलर बायोलॉजी एंड बायो-टेक्नोलॉजी में एम.एस.सी कोर्सिज शामिल है। प्रवेश परीक्षा के लिए हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय सहित हिसार शहर में 18 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। सभी परीक्षा केंद्रों में कुल 6662 परीक्षर्थियों ने परीक्षा दी। प्रवेश परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से विशेष निरीक्षण दलों का गठन किया गया था। परीक्षा के दौरान प्रत्येक उम्मीदवार की फोटोग्राफी भी की गई।



हिसार। एचएयू कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज व परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते हुए।

### नियमित रूप से चेक करते रहें विवि की वेबसाइट

परीक्षा नियंत्रक डॉ. पवन कुमार ने बताया कि उपरोक्त परीक्षा में उम्मीदवारों की कुल 84 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई। उन्होंने बताया कि स्नातक कोर्सिज में 84.08 प्रतिशत तथा स्नातकोतर कोर्सिज में 82.41 प्रतिशत परीक्षार्थी उपस्थित रहे। उम्मीदवारों व उनके अभिभावकों से अपील है कि वे उपरोक्त पाठ्यक्रमों में दाखिला संबंधी नवीनतम जानकारियों के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर नियमित रूप से चेक करते रहें।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 1-7-24 | 5 | 6-8 |


# हकृवि में विभिन्न कोर्सों में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न

## कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

हिसार, 30 जून (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में रविवार को विभिन्न स्नातक व स्नात्तकोतर कोर्सिज के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्वक व व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। इसके लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी परीक्षा केन्द्रों पर पुख्ता प्रबंध किए हुए थे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने परीक्षा केंद्रों का दौरा किया और उम्मीदवारों की सुविधा तथा परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए की गई व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। आज जिन कोर्सिज के लिए प्रवेश परीक्षा हुई, उनमें बीएससी ऑनर्स एग्रीकल्चर चार वर्षीय कोर्स, बीएससी आनर्स एग्री-बिजनेस मैनेजमेंट, बीटेक बायोटेक्नोलॉजी, मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में बायो-केमिस्ट्री, केमिस्ट्री, इनवायरमेंटल साइंस, फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी, मैथेमेटिक्स, माइक्रो-बायोलॉजी, फिजिक्स, प्लांट फिजियोलोजी, सोसयोलोजी, स्टेटिसटिक्स व जूलॉजी कोर्स, कॉलेज आफ बायो-टेक्नोलॉजी में एग्रीकल्चरल बायोटेक्नोलॉजी, बायोइंफोरमेटिक्स व मोलेक्यूलर बायोलॉजी एंड बायो-टेक्नोलॉजी में एम.एस.सी कोर्सिज शामिल है।

प्रवेश परीक्षा के लिए चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय सहित हिसार शहर में 18 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। सभी परीक्षा केंद्रों में कुल 6662 परीक्षर्थियों ने परीक्षा दी। प्रवेश परीक्षा के सफल आयोजन के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से विशेष निरीक्षण दलों का गठन किया गया था। परीक्षा के दौरान प्रत्येक उम्मीदवार की फोटोग्राफी भी की गई। परीक्षा नियंत्रक डॉ. पवन कुमार ने बताया कि उपरोक्त परीक्षा में उम्मीदवारों की कुल 84 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई। उन्होंने बताया कि स्नातक कोर्सिज में 84.08 प्रतिशत तथा स्नात्तकोतर कोर्सिज में 82.41 प्रतिशत परीक्षार्थी उपस्थित रहे। उम्मीदवारों व उनके अभिभावकों से अपील है कि वे उपरोक्त पाठ्यक्रमों में दाखिला संबंधी नवीनतम जानकारियों के लिए विश्वविद्यालय की , वेबसाइट admissions.hau.ac.in and hau.ac.in पर नियमित रूप से चेक करते रहें।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सच कहूँ | 1-7-24 | 6 | 6-8 |

# हकृवि में विभिन्न कोर्सों में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न

**हिसार, सच कहूँ न्यूज।**



चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में रविवार को विभिन्न स्नातक व स्नातकोतर कोर्सिज के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्वक व व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। इसके लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी परीक्षा केन्द्रों पर पुख्ता प्रबंध किए हुए थे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने परीक्षा केंद्रों का दौरा किया और उम्मीदवारों की सुविधा तथा परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए की गई व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। जिन कोर्सिज के लिए प्रवेश परीक्षा हुई,उनमें बीएससी ऑनर्स एग्रीकल्चर चार वर्षीय कोर्स, बीएससी आनर्स एग्री-बिजनेस मैनेजमेंट, बीटेक बायोटेक्नोलॉजी, मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में बायो-केमिस्ट्री, केमिस्ट्री, इनवायरमेंटल साइंस, फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी, मैथेमेटिक्स, माइक्रो-बायोलॉजी, फिजिक्स, प्लांट फिजियोलोजी, सोसयोलोजी, स्टेटिसटिक्स व जूलॉजी कोर्स, कॉलेज आफ बायो-टेक्नोलॉजी में एग्रीकल्चरल बायोटेक्नोलॉजी, बायोइंफोरमेटिक्स व मोलेक्यूलर बायोलॉजी एंड बायो-टेक्नोलॉजी में एम.एस.सी. कोर्सिज शामिल है। प्रवेश परीक्षा के लिए चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय सहित हिसार शहर में 18 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे।

सभी परीक्षा केंद्रों में कुल 6662 परीक्षर्थियों ने परीक्षा दी। प्रवेश परीक्षा के सफल आयोजन के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से विशेष निरीक्षण दलों का गठन किया गया था। परीक्षा के दौरान प्रत्येक उम्मीदवार की फोटोग्राफी भी की गई।

## 84 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई


परीक्षा नियंत्रक डॉ. पवन कुमार ने बताया कि उपरोक्त परीक्षा में उम्मीदवारों की कुल 84 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई। उन्होंने बताया कि स्नातक कोर्सिज में 84.08 प्रतिशत तथा स्नातकोतर कोर्सिज में 82.41 प्रतिशत परीक्षार्थी उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| **The Savera times** | 29.06.2024 | -- | -- |

# HKU Vice Chancellor Prof. B.R. Kamboj inaugurated the 'Laboratory and Biogas Plant'

@Thesaveratimes
Network





**Hisar:** Vice Chancellor of Chaudhary Charan Singh Haryana Agricultural University, Prof. B.R. Kamboj inaugurated the 'Biomethanation and Waste Assessment Laboratory' and Modified Gobar Gas Plant in the Department of Microbiology, College of Basic Sciences and Humanities. This laboratory has been renovated with the financial assistance of Rashtriya Krishi Vikas Yojana (RKVY).

Prof. Kamboj told about the 'Biomethanation and Waste Assessment Laboratory' that this lab is an important step towards achieving the goals of environmental prosperity and cleanliness of our university. This laboratory will play an important role in making value-added products from agricultural residues. In this laboratory, value-added products will be made from agricultural residues such as straw, stalks, peels and other wastes. These include biogas, bioethanol, biodiesel, compost, bioactive compounds such as polyphenols which have antimicrobial and antioxidant activity and polyhydroxybutyrate produced by microorganisms. This lab has advanced technology based equipment like analysis of agricultural waste, analysis of biogas, anaerobic chamber for the development of methanogen, bioreactor for biofuel production and various additives like agricultural food waste, green synthesized nanoparticles and poultry waste are being used for biofuel production. Its main objective is to reduce the harmful effects of waste materials on the environment and human health. Along with this, waste management also provides employment opportunities and opportunities to improve the economy.

Dr. Kamla Malik, scientist of the Department of Microbiology has been made in-charge of the laboratory and Dr. Shikha Mehta has been made co-in-charge. Dr. Neeraj Kumar, Dean of the College of Basic Sciences and Humanities, said that the biogas plant plays an important role in increasing the fertility of the land and fulfilling the shortage of fuel. HKV has modified the Janta model biogas plant that runs on cow dung and has prepared such a design that runs on fresh cow dung.

Installing the modified biogas plant reduces the cost of space and money as compared to other designs. It can also be installed in the courtyard of the house. By connecting this plant with the toilet, the quantity of gas and the quality of manure can also be increased.

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
# लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स न्यूज | 30.06.2024 | -- | -- |

## हकृवि में विभिन्न कोर्सों में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न



सिटी पल्स न्यूज, हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में को विभिन्न स्नातक व स्नात्तकोतर कोर्सिज के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्वक व व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। इसके लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी परीक्षा केन्द्रों पर पुख्ता प्रबंध किए हुए थे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने परीक्षा केंद्रों का दौरा किया और उम्मीदवारों की सुविधा तथा परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए की गई व्यवस्थाओं का भी जायज़ा लिया।आज जिन कोर्सिज के लिए प्रवेश परीक्षा हुई, उनमें बीएससी ऑनर्स एग्रीकल्चर चार वर्षीय कोर्स, बीएससी आनर्स एग्री-बिजनेस मैनेजमेंट, बीटेक बायोटेक्नोलॉजी, मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में बायो-केमिस्ट्री, केमिस्ट्री, इनवायरमेंटल साइंस, फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी, मैथेमेटिक्स, माइक्रो-बायोलॉजी, फिजिक्स, प्लांट फिजियोलोजी, सोसयोलोजी, स्टेटिसटिक्स व जूलॉजी कोर्स, कॉलेज आफ बायो-टेक्नोलॉजी में एग्रीकल्चरल बायोटेक्नोलॉजी, बायोइंफोरमेटिक्स व मोलेक्यूलर बायोलॉजी एंड बायो-टेक्नोलॉजी में एम.एस.सी कोर्सिज शामिल है। प्रवेश परीक्षा के लिए चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय सहित हिसार शहर में 18 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। सभी परीक्षा केंद्रों में कुल 6662 परीक्षर्थियों ने परीक्षा दी। प्रवेश परीक्षा के सफल आयोजन के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से विशेष निरीक्षण दलों का गठन किया गया था। परीक्षा के दौरान प्रत्येक उम्मीदवार की फोटोग्राफी भी की गई।

परीक्षा नियंत्रक डॉ. पवन कुमार ने बताया कि उपरोक्त परीक्षा में उम्मीदवारों की कुल 84 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई। उन्होंने बताया कि स्नातक कोर्सिज में 84.08 प्रतिशत तथा स्नात्तकोतर कोर्सिज में 82.41 प्रतिशत परीक्षार्थी उपस्थित रहे। उम्मीदवारों व उनके अभिभावकों से अपील है कि वे उपरोक्त पाठ्यक्रमों में दाखिला संबंधी नवीनतम जानकारियों के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर नियमित रूप से चेक करते रहें।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 1-7-24 | 4 | 7-8 |

# 18 परीक्षा केंद्रों में 6662 विद्यार्थियों ने दी परीक्षा तो उमसभरी गर्मी ने अभिभावकों की ली 'अग्निपरीक्षा'

## चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विभिन्न कोर्सों में दाखिले के लिए 8491 आवेदकों में से 1829 रहे अनुपस्थित

संवाद न्यूज एजेंसी


परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते एचएयू के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज। स्रोत : संस्थान


परीक्षा केंद्रों के बाहर सड़क किनारे फुटपाथ व पेड़ की छांव तले बैठे अभिभावक। संवाद

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) के विभिन्न स्नातक व स्नातकोत्तर कोर्सिज में दाखिले के लिए बनाए 18 परीक्षा केंद्रों में रविवार को 6662 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी।

इस दौरान केंद्रों के बाहर तपती गर्मी में साढ़े 5 घंटे तक अभिभावकों की अग्नि-परीक्षा रही। किसी ने सड़क किनारे पेड़ों की छांव में तो किसी ने फुटपाथ पर चादर बिछाकर डेरा डालना पड़ा। अभिभावक रेवाड़ी, भिवानी, सिरसा, पानीपत से अपने बच्चों के साथ जैसे-तैसे सुबह 8 बजे संबंधित परीक्षा केंद्रों पर पहुंचे। परीक्षार्थियों को तय समय-सारिणी के हिसाब से सुबह 9 बजे केंद्र में प्रवेश की अनुमति मिली।

**वीसी ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण :** रविवार को हुई परीक्षा के दौरान एचएयू के कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया, जहां उन्होंने परीक्षार्थियों से व्यवस्था से लेकर पूछे गए सवालों के बारे में जाना। इस दौरान उनके साथ विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. बलवान सिंह मंडल व कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा सहित अन्य शामिल रहे।

**महिला परीक्षार्थी के हेयर-बैंड से लेकर रबड़ तक उतरवाए :** परीक्षा केंद्रों में प्रवेश से पहले महिला परीक्षार्थी के हेयर-बैंड से लेकर रबड़ तक उतरवाए गए तो पुरुष परीक्षार्थियों के हाथों से धागे व बेल्ट तक बाहर रखवा ली। एचएयू के स्नातक कोर्सिज में दाखिले के लिए 84.08 फीसदी व स्नातकोत्तर कोर्सिज में दाखिले के लिए 82.41 फीसदी विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। कुल उपस्थित विद्यार्थियों की बात करें तो परीक्षा में 84 फीसदी परीक्षार्थी उपस्थित रहे।

> प्रश्न-पत्र लगभग आसान था। फिजिक्स, केमिस्ट्री व बायोलॉजी विषय के सवाल पूछे गए थे। हालांकि फिजिक्स के सवालों ने परेशान किया।
> **- प्राची, परीक्षार्थी**

> परीक्षा केंद्रों में एंट्री के दौरान परेशानी का सामना करना पड़ा। क्योंकि काफी सख्ती देखने को मिली। प्रश्न-पत्र में पूछे गए सवाल पाठ्यक्रम के अंदर से ही थे।
> **- अभिषेक, परीक्षार्थी**

> प्रश्न-पत्र को हल करने के लिए दिया गया समय कम था। क्योंकि हमें प्रश्न-पत्र को ढाई घंटे में हल करना था, जबकि पूछे गए सवालों ने दिमाग की काफी कसरत करवाई। **- संजय, परीक्षार्थी**

> सुबह 10 बजे पेपर मिल चुके थे। प्रश्न-पत्र में पूछे गए सवाल आसान रहे। सभी सवालों को अच्छे से पढ़कर हल किया। **- दिनेश, परीक्षार्थी**